# सड़क, सीवरेज और सफाई के काम केवल आज के लिए नहीं, 20-30 साल की सोच के साथ हों : खर्रा


## नगरीय विकास मंत्री ने नाराजगी जताते हुए कहा ''सड़कों की गुणवत्ता जांचने के लिए कई अभियंताओं को ज़िम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन वे इस काम को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, यह लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।''

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि सड़क निर्माण, सफाई और सीवरेज का काम केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आगामी 20-30 सालों की सोच के साथ करें। उन्होंने रविवार को सचिवालय में विभाग के तमाम अफसरों की बैठक बुलाकर टूटी सड़कों, गंदगी और सीवरेज जाम की समस्या को लेकर गहरी नाराजगी जताई।

खर्रा ने कहा कि प्रदेश में इस बार मानसून जमकर बरसा है, अधिकांश जगहों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इस समस्या को गंभीरता से लें, जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण व मरम्मत का काम करवाएं।

खर्रा ने अधिकारियों से कहा कि, सड़कों की गुणवत्ता जांचने के लिए कई अभियंताओं को ज़िम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन वे इस काम को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, यह लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।



नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने रविवार को सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। उनके साथ मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ भी मौजूद थे।

■ उन्होंने अफसरों को साफ कहा कि ''आमजन के टैक्स के पैसे को व्यर्थ खर्च करने के बजाय लोगों की सुविधा देने पर खर्च करें, राइजिंग राजस्थान व दीपावली से पहले टूटी सड़कें व सफाई का ढर्रा सुधरना चाहिए।''

खर्रा ने आवासन मंडल और प्रताप नगर की आईएएस कॉलोनी के साथ ही सभी कॉलोनियों के औचक निरीक्षण और कमी एवं गुणवत्ता रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिशा-निर्देश प्रदान किये। खर्रा ने कहा कि आमजन के टैक्स के पैसे को व्यर्थ बहाने के बजाय लोगों के हित में खर्च करें। सड़क मरम्मत और सीवरेज सफाई के कार्य बेहतरीन प्लानिंग के साथ करे। सबसे पहले शहरों की मुख्य सड़कों का कार्य पूरा करें, इसके बाद कॉलोनियों की सड़कों का निर्माण व मरम्मत करें। इस कार्य के दौरान सीवरेज और ड्रेनेज लाइनों का विशेषकर ख्याल रखा जाये। जिन जगहों पर सीवरेज-ड्रेनेज लाइनों का निर्माण कार्य चल रहा है, वहां पहले यह काम पूरा करें, इसके बाद सड़क निर्माण करें। सीवरेज सफाई के बाद मलबे को तुरंत उठा लिया जाए, क्योंकि ये बाद में नालों में ही चला जाता है। खर्रा ने सीवरेज सफाई की पहले और बाद की वीडियोग्राफी करवाने के भी निर्देश दिए। खर्रा ने अफसरों को कहा कि राइजिंग राजस्थान के आगामी इन्वेस्टमेंट समिट को ध्यान में रखते हुए दीपावली से पूर्व ही क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य करवाएं। खर्रा ने कहा कि बजट घोषणाओं वाले गारंटी पीरियड कार्यों को समय पर पूरा करें। पीडब्ल्यूडी, जलदाय, ऊर्जा, स्वायत्त शासन विभाग और जेडीए आपस में सामंजस्य बनाकर काम करें। ताकि लोगों को धरातल पर सुविधा मिले। बैठक में नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया, स्वायत्त शासन प्रमुख सचिव राजेश यादव, जेडीए कमिश्नर आनंदी, हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर डॉ. रश्मि शर्मा, हैरिटेज निगम कमिश्नर अभिषेक सुराणा, ग्रेटर नगर निगम आयुक्त रुकमणी रियाड़, अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी व पीएचडी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मालवीय नगर विधायक कालीचरण सर्राफ भी मौजूद रहे।

# युवा किसानों को विदेशों में प्रशिक्षण दिलाएगी सरकार

■ 25 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे

**जयपुर**। प्रदेश के 100 युवा एवं प्रगतिशील किसान प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में किसानों के हितो में निरंतर फैसले ले रही राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा में नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पहले चरण में इन प्रगतिशील युवा किसानों को उन देशों में भेजा जाएगा जहां कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में नवाचार किए जा रहे हैं एवं उच्च तकनीक के प्रयोग से कम जगह और काम लागत में अधिक फसल उत्पादित की जा रही है।

नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम के तहत चयन के लिए जो मापदंड तय किए गए हैं, उनमें सामान्य कृषक के पास कम से कम एक हेक्टेयर और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व महिला कृषकों के पास 0.5 हेक्टर कृषि भूमि का भूस्वामित्व हो, पिछले 10 वर्षों से लगातार खेती कर रहा हो, कृषक द्वारा उच्च कृषि तकनीक जैसे संरक्षित खेती, सूक्ष्म सिंचाई, मल्चिंग, सौर ऊर्जा पंप, ड्रोन, फर्टिगेशन, ऑटोमेशन, फार्म पोंड, डिग्गी अपनाई जा रही हो आदि शामिल है।

इसी प्रकार डेयरी क्षेत्र चयनित होने वाले युवा दुग्ध उत्पादक या पशुपालक के लिए जो मापदंड तय किए गए हैं उनमें वास्तविक रूप से कम से कम 20 गाय-भैंस की डेयरी या 10 ऊँट या 50 भेड़-बकरी का स्वामित्व रखता हो, पिछले 10 वर्षों से डेयरी या पशुपालन पेशे से जुड़ा हो, उच्च पशुपालन या डेयरी तकनीक उपयोग करता हो, डेयरी क्षेत्र में जिला या राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयन किया गया हो तथा जिसकी अपने क्षेत्र में प्रगतिशील पशुपालक के रूप में पहचान हो। इन मापदंडों को पूरा करने वाले युवा प्रगतिशील कृषक अपने नजदीकी ई-मित्र केन्द्र के माध्यम से राजकिसान साथी पोर्टल पर 25 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम से संबंधित जानकारी के लिए युवा कृषक कृषि, उद्यान अथवा पशुपालन विभाग में संपर्क कर सकते हैं। नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम के तहत पहले चरण में चयनित 100 युवा किसानों में से 80 कृषि क्षेत्र तथा 20 डेयरी एवं पशुपालन क्षेत्र से होंगे। कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने वाले कृषकों की उम्र 55 वर्ष से कम हो साथ ही, वैध पासपोर्ट होना भी आवश्यक है।

# ब्रेनडेड सावित्री देवी ने दिया 3 लोगों को जीवन का उपहार

## सवाई मानसिंह अस्पताल में एक माह में हुआ तीसरा अंगदान

**जयपुर** (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में प्रदेश में अंगदान एवं प्रत्यारोपण का कार्य मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। विगत एक माह में ही प्रदेश में तीन व्यक्तियों के अंगदान हुए हैं। सवाई मानसिंह अस्पताल में शनिवार को हुए अंगदान से तीन लोगों को नया जीवन मिला।

सवाई मानसिंह अस्पताल के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि अलवर जिले के टहला निवासी 49 वर्षीय सावित्री देवी सड़क हादसे में गंभीर घायल हो गई थीं। उन्हें 10 सितम्बर को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। चिकित्सकों के लगातार प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। ब्रेन डेड होने पर अस्पताल प्रशासन ने परिजनों को अंगदान के लिए प्रेरित किया गया। परिजनों की सहमति एवं साहसिक निर्णय उपरांत सावित्री के अंगदान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।



सावित्री की दोनों किडनी एवं लीवर सवाई मानसिंह अस्पताल में ही उपचाराधीन तीन रोगियों को प्रत्यारोपित कर उन्हें नया जीवन प्रदान किया गया। अस्पताल प्रशासन ने अंगदान के मानवीय निर्णय के लिए सावित्री के परिजनों का आभार व्यक्त किया और सम्मानपूर्वक पार्थिव देह उन्हें सौंपी। अंगदान की प्रक्रिया में न्यूरोसर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनीष अग्रवाल एवं एनेस्थिसिया विभाग में प्रोफेसर डॉ. चित्रा सहित सोटो की टीम की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# डॉक्टर्स फुटबॉल चैंपियनशिप शुरू

**जयपुर**। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के आर.डी.ग्राउंड में 10 दिवसीय डॉक्टर्स फुटबॉल चैंपियनशिप सीजन 2 का यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने शुभारंभ किया। अविनाश गहलोत ने टीम कैप्टनस को स्पोर्ट्स बैंड पहनाकर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चिकित्सकों के इस खेल आयोजन के लिए आयोजको को बहुत साधुवाद। क्यूंकि डॉक्टर्स के ऊपर बहुत वर्क प्रेशर रहता है, वह अपनी व्यस्त दिनचर्या में से खुद के और परिवार के लिए समय निकाल सके, उस दिशा में यह अच्छा प्रयास है। ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. अंजनी कुमार शर्मा ने बताया कि चैंपियनशिप में राजस्थान, गुजरात, एमपी, उत्तरप्रदेश और दिल्ली के मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में 10 लीग मैच 2 सेमीफाइनल और 25 सितम्बर को फाइनल मुकाबला होगा। कार्यक्रम में जयपुर मेडिकल एसोसिएशन प्रेसिडेंट डॉ. तरुण ओझा, जार्ड अध्यक्ष डॉ. मनोज सियोल, डॉ राजीव ढाका, डॉ लोकेश अग्रवाल, डॉ योगेन्द्र, मंजरी शर्मा मौजूद थे।

# युवाओं को उपभोक्ता आंदोलन से जोड़ना आवश्यक : माथुर

**जयपुर**। उपभोक्ता आंदोलन में आज भी कसावट की जरुरत है। जब तक उपभोक्ता संरक्षण में यूथ की भागीदारी नहीं बढाई जाएगी, तब तक बदलाव नहीं देखा जा सकता। आज का युवा तकनीक को साथ में लेकर चलने वाला है और वो कंज्यूमर प्रोटेक्शन में रिसर्च वर्क कर सकता है। ये बात जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर तृतीय के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन माथुर ने कही। वे रविवार को उपभोक्ता संस्था केन्स के 262वें राज्य स्तरीय उपभोक्ता संवाद में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। 'उपभोक्ता संरक्षण की भावी रणनीति' विषय पर आयोजित संवाद में माथुर ने कहा कि आज उपभोक्ताओं को शिकायत करने की आदत डालनी चाहिए। उन्हें सोशल मीडिया का उपभोक्ता संरक्षण में इस्तेमाल करना भी आना चाहिए।

संवाद की अध्यक्षता करते हुए कंज्यूमर कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडिया 'सीसीआई' के नेशनल चेयरमैन डॉ. अनन्त शर्मा ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण न सिर्फ उपभोक्ताओं को सशक्त करता है, बल्कि अच्छे व्यवसायियों के लिए भी मददगार साबित होता है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण में कार्य कर रहे आंदोलनकारियों को विशेषज्ञता की जरुरत है ताकि वे उपभोक्ताओं की सही तरीके से मदद कर सकें। संवाद में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए सीसीआई की नेशनल प्रेसिडेंट गुजरात की प्रीती पण्ड्या ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण को भारत के ग्रास रूट तक पहुंचाना जरूरी है ताकि हर एक उपभोक्ता के अधिकारों की रक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि नए भारत की परिकल्पना संरक्षित और सुरक्षित कंज्यूमर से ही हो सकती है। सीसीआई के कार्यकारी अध्यक्ष और सीईओ चेन्नई के एम. सेल्वराज ने कहा कि राजस्थान उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में दूसरे राज्यों के लिए एक मॉडल बनकर उभरा है। यहां 15 सालों में बहुत काम हुआ संवाद को केन्स के उपाध्यक्ष संजय खण्डेलवाल, सीसीआई के वरिष्ठ महासचिव वी.पी. हलचल, महासचिव भूपसिंह पाल, उपाध्यक्ष जे. सेल्वम, सीसीआई प्रदेश अध्यक्ष मुकेश वैष्णव, सीपीटी के अध्यक्ष राकेश खण्डेलवाल ने भी संबोधित किया। मंच संचालन आशा सक्सेना ने किया।

# सार-समाचार

## कलाकारों ने पेश किए सुरीले नगमे



**जयपुर**। बिड़ला ऑडिटोरियम में रविवार को बॉलीवुड के बेहतरीन नगमें सुनाकर शहर के नामी कलाकारों ने गोल्डन एरा शो के ग्यारवें संस्करण में समा बांध दिया। कार्यक्रम का आरंभ शाम्भवी वर्मा के गणेश वंदना पे नृत्य से हुआ। इसके बाद रुचि खंडेलवाल ने दोस्तों से प्यार किया गीत की प्रस्तुति दी जिसमें प्रदेश के अलग अलग शहरों एवं दिल्ली से आए साजिन्दों ने जयपुर के साजिन्दों के साथ मिलकर दमदार वादन किया। इसके बाद नवोदित कलाकार निकिता बंसल ने ओ मेरे सोना रे गीत सुना कर श्रोताओं की तालियां बंटोरी। शो के संयोजक एवं मुख्य कलाकार डॉ. समीर शर्मा सैम ने श्रोताओं के बीच से अपनी शाम के गायन की शुरुआत अपनी तो जैसे तैसे, हवा हवा एवं जाट यमला पागल दीवाना का मेडले प्रस्तुत करके सभी को नाचने पे मजबूर कर दिया। इसके अतिरिक्त डॉ.समीर शर्मा ने तुम अगर मुझको न चाहो, शम्मी कपूर मेडले युगल गीत में गीतिका चतुर्वेदी के साथ शोखियों में घोला जाए आदि गीतों की प्रस्तुति दी। सुरीले सिंगर केपी सक्सेना ने रुख से ज़रा नकाब, मेरे पैरों में घुंघरू बंधा दे, डॉ. जितेंद्र सिंह मक्कर ने मैं होश में था , कुमार सानू के 90केदशक के गीतों की प्रस्तुति दी। गीतिका चतुर्वेदी ने मिलो ना तुम तो हम घबराएं , ऋचा खोड़ा ने मन सात समंदर डोल गया गीत सुनाया। कार्यक्रम में शो के मेंटर उस्ताद अहमद हुसैन एवं मोहम्मद हुसैन मौजूद रहे। आयोजक डॉक्टर बलविंदर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के ग्यारवें संस्करण में शहर की जनता के साथ साथ कई गणमान्य अतिथियों ने भी लुत्फ उठाया। मंच संचालन कबीर एवं संगीत संचालन संजय माथुर ने किया।

## राजस्थान विवि. में पौधारोपण किया



**जयपुर**। राजस्थान यूनिवर्सिटी प्रांगण में जयपुर मेडिकल एसोसिएशन और सृष्टि फाउंडेशन के तत्वाधान में रविवार को वृक्षारोपण किया गया। जेएमए अध्यक्ष डॉ . तरुण ओझा और सचिव डॉ. अनुराग शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में कई चिकित्सा संगठनों एमपीएस, पीएचएनएचएस, उपचार तथा आईएपी ने भी भाग लिया। एक वृक्ष माँ के नाम थीम पर आयोजित इस पहल की मुख्य अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा थीं। रविवार को 200 से अधिक पेड़ लगाए गए, साथ ही इनकी देखरेख की शपथ भी डॉक्टर्स ने ली। सृष्टि फाउंडेशन के अध्यक्ष विवेक के अलावा डॉ. राकेश कालरा, डॉ. तरुण पाटनी, डॉ. नवनीत, डॉ. मनोज चौधरी और कई अन्य चिकित्सकों ने वृक्षारोपण किया।

## परिवार के 3 लोग करेंगे 10 दिन उपवास



**जयपुर**। विजय लालजी पांड्या की नसियां में दश लक्षण धर्म पर्व बड़ी ही श्रृद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया जा रहा है । यह नसियां जयपुर की स्थापना से पूर्व से ही स्थापित है। इस नसियां के आस पास सीमित परिवार होने के उपरांत भी धर्म संवर्धन की चर्याएं की जा रही है। इसी नसियां से जुड़े हुए एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने दशलक्षण धर्म के दस उपवास-तप के माध्यम से कर्मों की निर्जरा कर पुण्यार्जन कर रहे है । अनिता जैन धर्मपत्नी सियाराम शरण जैन, ये वार्ड संख्या 21 की पार्षद भी है, हिना जैन धर्मपत्नी वीर कुमार जैन, मानसी जैन सुपुत्री सियाराम शरण जैन। इन्होंने प्रातः सामूहिक दशलक्षण धर्म मंडल विधान पूजा के पश्चात् व्रतियों के तप की अनुमोदना में विनतियों, जिसमे भगवान की भक्ति की जाती है, का कार्यक्रम भी रखा गया । इस अवसर पर जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के भागचंद जैन मित्रपुरा, कमल चंद जैन सेवा वाले एवं सुरेश बज की सहभागिता भी रही । शिखर चंद कासलीवाल साईवाड वाले, राज कुमार बिलाला, नवीन बिलाला, सुधीर बिलाला, बसंत जैन, मनोज कासलीवाल आदि द्वारा पूजा, मंडल विधान, देखरेख आदि की समुचित व्यवस्था की जा रही है। इस प्राचीन नसियां के दर्शन कर पुण्यार्जन के भागी बने।

## 3200 वर्गमीटर भूमि से हटाया अतिक्रमण

**जयपुर**। जयपुर विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने 3200 वर्गमीटर जेडीए की बेशकीमती जमीन से अवैध कब्जा और अतिक्रमण हटवाया है। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जवाहर सर्किल क्षेत्र में होटल मैरियट के पीछे इस बेशकीमती जमीन पर अतिक्रमणकर्ताओं ने थड़ियां और 3 झोपड़ी लगाकर कब्जा कर लिया था। जेडीए प्रशासन ने अतिक्रमियों को नोटिस भी दिया था, रविवार को ध्वस्तीकरण कार्रवाई की।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर 6 लाख रुपए ठगे

**जयपुर**। चित्रकूट थाना इलाके में एक ठग ने पुलिस अधिकारी बनकर मनी लॉन्ड्रिंग के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर एक व्यक्ति से छह लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया है कि ठग ने पुलिस अधिकारी बनकर धमकाया कि उसके नाम से जारी सिम कार्ड से मनी लॉन्ड्रिंग हो रही है और उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस आ रही है। पुलिस ने बताया कि चित्रकूट निवासी सुनील ने मामला दर्ज करवाया है कि 7 सितम्बर को उसके मोबाइल पर एक युवक का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को लखनऊ पुलिस का एसआई सुनील मिश्रा बोलते हुए कहा कि उसके आधार कार्ड से लखनऊ में सिम कार्ड जारी हुआ है। इस सिम कार्ड से नवाब मलिक नाम के व्यक्ति के मनी लॉन्ड्रिंग केस में रुपयों का लेन-देन हुआ है, उसके खिलाफ अपराध बनाता है और पुलिस गिरफ्तार करने आ रही है। आरोपित ने पुलिस उपायुक्त से बात कराने की कहकर उसे डरा-धमकाकर पूरी तरह उस अपने जाल में फांस लिया। उसका आधार कार्ड वॉट्सऐप करवाकर खुद के पास मंगवा लिया। घरवालों को बताने पर उनको भी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। बैंक खाते में रुपए ट्रांसफर नहीं करने पर गिरफ्तार करने के लिए धमका इंटरनेट बैंकिंग का यूजर नेम और पासवर्ड पूछ कर 6 लाख रु. निकाल लिए।

# इंफ्रारेड रिसाईकलिंग मशीन से टूटी सड़कों पर पेच रिपेयरिंग करवा रहा जेडीए प्रशासन



**जयपुर**। राजधानी जयपुर में बरसात से टूटी हुई सड़कों को सुधारने के लिए रोड एम्बुलेन्स के द्वारा ''इन्फ्रारेड रिसाईकलिंग मशीन'' का इस्तेमाल कर पेच रिपेयरिंग का कार्य करवाया जा रहा है। जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त आनन्दी ने टूटी सड़कों के कारण आमजन को हो रही दिक्कतों को देखते हुए यह कार्य शुरू करवाया है।

जेडीए आयुक्त ने बताया कि इस तकनीक में मुख्य सड़क पर लगभग 2 गुणा 1 साइज के पेच कार्य के लिए सफाई करके बिटुमन मिक्स को पोट होल्स में डाला जाता है एवं 130 डिग्री-180 डिग्री पर हीटर द्वारा गर्म किया जाकर प्लेट करब्रेटर किया जाता है। इसके पश्चात ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाता है। इस तकनीकी से कम समय में अच्छी गुणवत्ता का, सतह से फ्लस करते हुए पेच रिपेयर का कार्य किया जाता है। जयपुर विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता एन.एल. मित्तल और कनिष्ठ अभियंता मनीष जांगिड़ की देखरेख में पृथ्वीराज नगर दक्षिण क्षेत्र स्थित मुख्य मार्ग वन्दे मातरम रोड पर यह कार्य करवाया जा रहा है।

# अच्छे संस्कार और अनुशासन व्यक्ति के चरित्र का प्रतिबिंब : ओम बिरला

## राष्ट्रीय नवोदय गौरव अवार्ड : स्पीकर बिरला ने पूर्व विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जयपुर**। अच्छे संस्कार और अनुशासन व्यक्ति के चरित्र का प्रतिबिंब होता है। विद्यार्थी के जीवन में माता-पिता या विद्यालय के गुरुजनों द्वारा जब बचपन में ही संस्कार और अनुशासन का बीजारोपण होता है तो फिर पूरा जीवन प्रगति के पथ पर अग्रसर हो जाता है। नवोदय परिवार का प्रत्येक सदस्य और विद्यार्थी संस्कार और अनुसाशन की माला के मनकों की तरह है। शिक्षा के क्षेत्र में देश-दुनिया में नवोदय परिवार जैसा अनूठा संगठन देखने को नहीं मिलेगा। 16 लाख विद्यार्थियों का विशाल परिवार होने के बावजूद में आज भी इसमें एकता भी है और सामूहिकता की भावना भी है। रविवार को जयपुर प्रवास पर आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नवोदय परिवार की ओर से आयोजित नवोदय राष्ट्रीय गौरव अवार्ड में अपने संबोधन के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज इस संस्था से अध्ययन कर चुके लाखों विद्यार्थी देश-दुनिया में अपनी नेतृत्व क्षमता से इस परिवार का गौरव बढ़ा रहे हैं।



बिरला ने कहा कि विद्यार्थी बहुत छोटी उम्र में परिवार को छोड़कर यहां उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त करने के लिए आते हैं, लेकिन कुछ कठिनाई के बाद यहां अपने गुरुजनों और सहपाठियों को ही अपना परिवार मान लेते हैं। विद्यालय काल व्यक्ति के जीवन के स्वर्णिम क्षणों में से एक होता है, जब भविष्य की लम्बी यात्रा की नींव तैयार होती है। इस दौरान स्पीकर बिरला ने संस्था के हौनहार विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।

बिरला ने सभी अन्तर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्र के उत्थान व लोकतंत्र के उज्जवल भविष्य के लिए युवाओं को सक्रिय भागादारी निभाना होगा। आज भारत की युवा शक्ति अपने नवाचारों से देश को आगे ले जा रही है। मुझे विश्वास है कि भविष्य में भी नवोदय परिवार देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वह्न करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव के संवाहक बनेंगे।

स्पीकर बिरला ने कार्यक्रम में नवोदय परिवार द्वारा दिल्ली व जयपुर नवनिर्मित गेस्ट हाऊस का लोकार्पण किया। इसके अलवा संस्था द्वारा रोजगार उपलब्धता के लिए बनाए गए नवजोब पॉर्टल का भी शुभारम्भ किया। इस

# छात्र का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले 4 बदमाश दबोचे

**जयपुर**। आदर्श नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बारहवीं क्लास के छात्र के अपहरण मामले में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपितों ने मोबाइल पर ऑनलाइन रुपए कमाते देखकर योजना के तहत वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) कावेन्द्र सागर ने बताया कि आदर्श नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 सितम्बर को बारहवीं क्लास के छात्र के अपहरण मामले में आरोपित दिलशाद उर्फ डी.के (22) व फैजान (22) निवासी भूरिया की प्लाऊ आदर्श नगर, फाइन अहमद (23) निवासी जनता कॉलोनी आदर्श नगर और सोहेल कुरैशी उर्फ सोनू (29) निवासी मोहम्मद नगर खोह नागोरियान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में चारों आरोपियों ने अपहरण कर फिरौती मांगना स्वीकार किया। पूछताछ में सामने आया कि चारों आरोपित राजा पार्क स्थित दुकान पर चाय-सिगरेट पीने आते-जाते थे। तभी उन्होंने दुकान पर आने वाले दो लड़कों को मोबाइल पर ऑनलाइन कमाई करते देखा। ऑनलाइन मोटी संख्या में रुपए कमाने का आईडिया लगाकर रुपए वसूलने के लिए अपहरण करने की योजना बनाई। योजना के तहत अपहरण करने के साथ नाबालिग हाथ आ गया और उसका साथी वहां से भाग निकला। थानाधिकारी सुभाष चन्द ने बताया कि खोह नागोरियान निवासी एक विवाहिता ने महिला ने बताया कि उसका 17 वर्षीय का भाई 12वीं क्लास में पढ़ता है। 11 सितम्बर को सुबह करीब स्कूल गया था। दोपहर को घर नहीं लौटने पर उसे कॉल किया। तब उसने दोस्तों के साथ राजापार्क में होना बताया।

शाम को बदमाशों ने परिजनों को फोन कर भाई को छोड़ने के बदले डेढ लाख रुपए की फिरौती मांगी। नाबालिग के अपहरण का पता चलने पर पुलिस टीमों का गठन कर बदमाशों की धरपकड़ के लिए भेजा। मोबाइल लोकेशन के आधार नाबालिग को आमेर स्थित नाई की थडी से सुरक्षित छुड़वाया गया।